**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी भोपाल**

**शाम के समाचार**

**दिनांक 24.10.2024** **समय: 7.10 PM**

**प्रादेशिक समाचार**

**मुख्य समाचार...**

- **रतलाम के विनोबा नगर सीएम राईज़ को मिला विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार ।**
- **राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कल, कई शिक्षक होंगे सम्मानित।**
- **बुधनी और विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने भरे नामांकन ।**
- **पुणे में दूसरे टेस्ट के पहले दिन न्यूज़ीलैंड 259 रन पर ऑलआउट, वॉशिंगटन सुंदर ने लिए 7 विकेट ।**

**रतलाम स्कूल सम्मान**

**सीएम राईज विनोबा नगर स्कूल को अमेरिका,ब्रिटेन, स्पेन, ब्राजील, केन्या, थाईलेंड के साथ मुकाबले करते हुए इनोवेशन केटेगरी में विश्व में प्रथम स्थान हासिल हुआ है । इस उपलब्धि तक पंहुचने वाला यह पहला और भारत का एकमात्र सरकारी स्कूल है।**

**पुरस्कारों की वर्चुअल घोषणा करते हुए टी 4 एजुकेशन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास पोटा ने सीएम राइज विनोबा की टीम और मध्य प्रदेश सरकार को बधाई देते हुए कहा, "यह उपलब्धि बताती है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में विश्व स्तरीय शिक्षा का सृजन किया जा रहा है।**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम विनोबा स्कूल की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। शिक्षामंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि रतलाम के इस स्कूल ने देश के लिए गर्व हासिल किया है।**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री और रतलाम विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि - यह सम्मान रतलाम के लिए नहीं बल्कि भारत के शिक्षा जगत के लिए है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 14 शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। समारोह में नि:शुल्क गणवेश योजना के अंतर्गत प्रदेश के शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 54 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में करीब 324 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जायेगी। राज्य स्तरीय सम्मान से विभूषित सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं विगत वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरूस्कार विजेता शिक्षकों को विशेष सम्मान राशि 11 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय संस्था T-4 ऐजूकेशन के द्वारा नवाचार श्रेणी में विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यालय सी.एम. राइज विनोवा रतलाम के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।

## प्रदेश नामांकन

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के लिए आज कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए। विजयपुर में भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत ने नामांकन दाखिल किया। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा से होगा। इधर, बुधनी में कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल ने नामांकन दाखिल किया। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत अन्य नेता पहुंचे। श्री पटेल का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव से होगा।

विजयपुर में भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के नामांकन से पहले रोड शो हुआ। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी को जनता का भरपूर स्नेह मिल रहा है.

वहीं, बुधनी में कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल के नामांकन से पहले जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा पर लगाम लगाने की अपील की ।

बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटों पर नामांकन का कल आखिरी दिन है। इन दोनों सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 23 नवंबर को इसके नतीजे घोषित होंगे।

## पेसा मोबिलाइजर्स

प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले साढ़े 4 हजार से ज्यादा पेसा मोबिलाइजर्स का मानदेय 4000 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 8000 रूपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम जनजातीय वर्ग के कल्याण हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने सभी पेसा मोबिलाइजर्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। केंद्र सरकार ने इसके लिए 49 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि मंजूर की है. बढे हुए मानदेय का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि खर्च राज्य सरकार उठाएगी।

## भू-जल प्लान

प्रदेश के नगरीय निकायों में भू-जल संरक्षण और प्रबंधन के लिये 33 नगरीय निकायों में भू-जल प्लान तैयार किया जा रहा है। जबकि 24 नगरीय निकाय ने भू-जल प्रबंधन प्लान तैयार कर लिया है। भू-जल प्रबंधन प्लान में क्षेत्र के जल स्त्रोतों की पहचान कर उनके वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण के उपाय किये जा रहे हैं। इनमें क्षेत्र के बोरवेल, बावड़ियां, नदी, तालाब, कुंऍ आदि शामिल हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत पिछले दिनों आयोजित कार्यशाला में भू-जल विशेषज्ञों ने तैयार किये गये भू-जल प्रबंधन प्लान पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान प्रदेश के 418 नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों ने भू-जल प्रबंधन प्लान तैयार करने पर गहन विचार-विमर्श किया।

## क्रिकेट

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे में दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं । रोहित शर्मा शून्य पर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल नाबाद लौटे।

इससे पहले, न्यूजीलैंड पहली पारी में 259 रन पर ऑलआउट हो गया। भारत की तरफ से सभी 10 विकेट स्पिनर ने लिए। वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 7 विकेट झटके। न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाया जबकि पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके।

## कुछ समाचार संक्षेप में...

1. योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह कल संस्थान के न्यू एकेडेमिक बिल्डिंग में आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय में राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रो. किशोर के बासा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे ।
2. झाबुआ में दीपावली के पूर्व वोकल फॉर लोकल की थीम पर "दीपोत्सव 2024" का आयोजन 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आजीविका भवन कला दीर्घा में किया जा रहा है। इस का उद्देश्य राष्ट्रीय आजीविका मिशन की दीदियों, दिव्यांगजनों, जिला जेल के कैदियों, बाल संप्रेक्षण गृह के बालकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना
3. बैतूल में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आईपीपी-6 प्रशिक्षण केन्द्र में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर और एएनएम को नवीन अस्थाई गर्भ निरोधक साधन अंतरा इंजेक्शन एवं छाया गोली का प्रशिक्षण दिया गया।
4. नीमच में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में लगभग 200 उम्मीदवारों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के लिए चयन किया गया है।
5. अशोकनगर जिले में शासन द्वारा कल से सोयाबीन की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। खरीदी के लिए जिले में 36 केंद्र बनाए गए हैं।

**6. छतरपुर में कमिश्नर सागर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने बिजावर के शासकीय आदिवासी बालक आश्रम, सीएम राइज स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।**

**7. देवास जिला चिकित्सालय और जिले के प्रसव केंद्रों पर पोलियो दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

**--------------------------------**